मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, रायबरेली, प्रतापगढ़, आजमगढ़, अहमदाबाद, मेरठ में वितरित



# मेट्रो दिनांक

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

संपादक- दीनानाथ एम. तिवारी

Website : www.metrodinank.com
Email : metrodinank@gmail.com

RNI No. : MAHHIN/2009/35355 POST REGD.NO : MH/MR/NW-143/2018-20



वर्ष : ११ अंक :४६ मुंबई, शुक्रवार, ३० अगस्त से ०५ सितंबर २०१९ पृष्ठ : ४ कीमत : दो रुपये

## विधायक सुनील प्रभु के प्रयास, नगरसेवक आत्माराम चाचे के फंड से

# मालाड गाँधी नगर में सड़क मरम्मत का काम शुरू









**दीनानाथ तिवारी**

**मुंबई।** लाखों की संख्या में मुम्बईकर प्रतिदिन मालाड स्टेशन से कुरार गांव, अप्पा पाड़ा, क्रांति नगर लोखंडवाला आदि क्षेत्रों में पदयात्रा करते है तथा हजारों की संख्या में वाहनों से सफर करते है। बावजूद इसके देश की सबसे बड़ी आर्थिक बजट रखने वाली बीएमसी खड्डे से पटे सड़को की ओर ध्यान नहीं दे रहे है। इस सम्बंध में शिवसेना विधायक सुनील प्रभु व नगरसेवक आत्माराम चाचे ने इसका स्वयं संज्ञान लिया और तत्काल सड़क मरम्मत का कार्य अपने हाथ में ले लिया।

बता दें कि कांदिवली पूर्व स्थित लोखंडवाला रिहायसी क्षेत्र से लोग अपने वाहनों से वेस्टर्न एक्सप्रेस हाइवे की ओर जाने हेतु गांधी नगर की सड़कों का इस्तेमाल करते है। मालाड हाईवे तक जाने का यह एक मात्र रोड है, इस रोड पर अनेकों विद्यालय एवं महाविद्यालय है। हजारों की संख्या में छात्र और उनके परिजन आवागमन करते है। इन सड़कों की हालत बद से इतनी बदतर हो गई थी कि लोग कह रहे थे कि सड़के अब पूरी तरह से बेदम हो गई है। आए दिन यहां सड़क दुर्घटना हो रही थी। स्थानीय लोगो की समस्याओं को देखते हुए विधायक और नगरसेवक के प्रयत्नों से सड़क मरम्मत का काम शुरु हो गया। इस बाबत भारतीय सेवा महासंघ के पदाधिकारी बी.के. पांडे ने बताया कि इस रोड पर खड्डों से यहां राहगीरों और वाहन चालकों को काफी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा था। विधायक सुनील प्रभु के मार्गदर्शन में नगरसेवक आत्माराम चाचे ने आगे आकर सड़क मरम्मत का काम अपने हाथ मे लिया है और काम शुरू हो गया है। जिसकी मैं सराहना करता हूं और स्थानीय लोगों की तरफ से उनका आभार मानता हूं।



कुरार पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक कुरार पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक बाबासाहेब साळुंखे को मातृभूमि अवार्ड से सम्मानित करते हुए 'मेट्रो दिनांक' के संपादक दीनानाथ तिवारी, मालिक मुद्रक प्रकाश मंजू डी. तिवारी।



वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक पी.ए. संदीप राणे को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित करते हुए मेट्रो दिनांक के संपादक दीनानाथ तिवारी, मालिक मुद्रक प्रकाश मंजू डी. तिवारी।

## संक्षिप्त न्यूज

### सिंगापुर की तर्ज पर दादर में बनेगा बर्ड पार्क

**मुंबई :** मुंबई में अर्बन फॉरेस्ट बनाए जाने के फैसले के बाद अब यहां सिंगापुर की तर्ज पर बर्ड पार्क बनाया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार यह पार्क दादर के प्रमोद महाजन काला पार्क में बनाया जाएगा। इस पार्क में दुनिया के बड़े और अनोखे पक्षियों को लाया जाएगा।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, बीएमसी अधिकारियों के साथ हुई एक बैठक के दौरान युवा सेना प्रमुख आदित्य ठाकरे ने बर्ड पार्क शुरू करने का सुझाव दिया था। इसे गंभीरता से लेते हुए प्रशासन इस बारे में कार्य कर रही है। जल्द ही बीएमसी अधिकारी सिंगापुर के सबसे बड़े जुरोंग बर्ड पार्क के अधिकारियों के साथ मुंबई में पक्षीशाला शुरू करने के लिए विस्तृत स्टडी करेंगे। बीएमसी से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि बर्ड पार्क शुरू करने के पीछे मुंबईकरों को प्रकृति के पास लाना है, ताकि उन्हें हर पल प्रकृति का एहसास हो। यह पार्क 10 एकड़ में शुरू किए जाने की तैयारी है। बता दें कि मुंबई में जंगलों को बढ़ावा देने के लिए अर्बन पार्क बनाए जाने का फैसला लिया गया है। इसके तहत 100 जगहों पर तीन लाख से अधिक पेड़ लगाए जाएंगे।

### बच्ची के अपहरण और रेप के मामले में दोषी को आजीवन कारावास की सजा

**मुंबई :** पालघर की एक विशेष अदालत ने 2017 में चार साल की बच्ची के अपहरण और उससे दुष्कर्म के मामले में 27 साल के एक युवक को दोषी ठहराया है। अदालत ने दोषी युवक को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर एक हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। न्यायाधीश ने यह भी आदेश दिया कि पीड़िता को जिला विधिक सहायता सेवा द्वारा मुआवजा दिया जाए। विशेष न्यायाधीश ए.यू. कदम ने वसई के घनश्याम गुप्ता को भारतीय दंड संहिता और पॉक्सो अधिनियम की धाराओं के तहत दोषी ठहराया और आजीवन कारावास की सजा सुनाई। मुकदमे के दौरान सहायक लोक अभियोजक कादंबिनी खंडागले ने अदालत को बताया कि यह अपराध उस समय हुआ, जब पीड़िता का परिवार एक रिश्तेदार के घर आया हुआ था। अभियोजन पक्ष ने कहा कि 23 जून 2017 को पीड़िता अपने घर के बाहर खेल रही थी, तभी पेशे से मजदूर आरोपी ने उसे मिठाई और चॉकलेट का लालच दिया और बहलाकर एक सुनसान जगह ले गया, जहां उसने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया। बाद में पीड़िता के परिवार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई और आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

### एक क्लिक पर मिलेगी देशभर के शिक्षकों की जानकारी

**मुंबई :** देशभर के शिक्षाविदों और प्रमुख शिक्षा संस्थानों के प्राध्यापकों की जानकारी अब एक क्लिक पर उपलब्ध होगी। उच्च शिक्षा से जुड़े शिक्षकों, शिक्षाविदों की जानकारी आसानी से लोगों को उपलब्ध करवाने के लिए एक वेब पोर्टल की शुरूआत की गई है। यह वेब पोर्टल बेहतर नीतिगत निर्णय लेने में शैक्षिक संस्थानों के लिए एक संसाधन केंद्र की भूमिका निभाएगा। शिक्षकों को उनके शैक्षिक संस्थानों से आगे अन्य दायित्वों एवं कार्यक्रमों से जुड़ने में मदद करने के उद्देश्य से तैयार किया गया यह डेटाबेस दीपक कुमार मुकादम की पहल है। महाराष्ट्र के उच्च एवं प्रौद्योगिकी शिक्षा मंत्री विनोद तावडे ने डेटाबेस पोर्टल की शुरूआत की।

## छतरी वितरण व वरिष्ठ नागरिकों का सत्कार



**मुंबई।** भाजपा उत्तर भारतीय मोर्चा कांदिवली पूर्व विधानसभा क्षेत्र की ओर से मालाड (पू.) स्थित सराफ मातृ मंदिर हाल में छतरी वितरण व वरिष्ठ नागरिकों का सत्कार समारोह आयोजित किया गया। इस बाबत आयोजक व मोर्चे के विधानसभा उपाध्यक्ष कैलाश यादव ने बताया कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों को छतरी वितरित कर वरिष्ठ नागरिकों को सीनियर सिटीजन कार्ड देकर उनका सत्कार किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर सांसद गोपाल शेट्टी व विधायक अतुल भातखलकर तथा विशिष्ट अतिथि के तौर पर नेत्र चिकित्सक डॉ. श्याम अग्रवाल, डॉ. सुनील अग्रवाल, मोर्चा के जिला अध्यक्ष ब्रह्मदेव तिवारी, नगरसेविका सुनीता यादव सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे। संचालन डॉ. नागेंद्र प्रसाद पांडे ने किया।









# संपादकीय

## हिंसा की जमीन

राजधानी दिल्ली सहित देश के अलग-अलग हिस्सों में मंगलवार को पीट-पीट कर मार डालने की जो दहला देने वाली घटनाएं सामने आईं, उनसे एक बार फिर यह सवाल उठा है कि आखिर लोग इतने असहिष्णु और हिंसक क्यों होते जा रहे हैं। किसी को बच्चा चोर समझ कर, तो किसी को डायन बता कर मार डालने की घटनाएं वाकई चिंताजनक हैं।



पुरानी दिल्ली स्टेशन के बाहर मंगलवार को एक मदरसे के शिक्षक को पटरी पर दुकान लगाने वाले कुछ दुकानदारों ने पीट-पीट कर मार डाला। बात सिर्फ इतनी थी कि इस शिक्षक ने हेडफोन उठा कर देखा और पसंद न आने पर खरीदने से इंकार कर दिया। इसी को लेकर विवाद हो गया, जो उनके लिए जानलेवा साबित हुआ। मुंबई में एक वृद्ध ठेले वाले को कुछ लोगों ने पीट-पीट कर इसलिए मार दिया कि उसने कुछ लोगों को वहां कचरा फेंकने से मना किया था। बिहार के नवादा जिले के एक गांव में एक वृद्ध महिला को डायन बता कर पीट-पीट कर मार डाला गया। इसी तरह उत्तर प्रदेश के संभल में भीड़ ने बच्चा चोर होने के शक में एक व्यक्ति की हत्या कर दी। ऐसे ही एक मामले में मेरठ में एक महिला को बांध कर पीटा गया। ये सारी घटनाएं बताती हैं कि देश में कैसा खौफनाक भीड़ तंत्र बन चुका है, जिसका कानून-व्यवस्था में न कोई भरोसा है, न ही उसका कोई खौफ।

ऐसी घटनाएं पिछले कुछ सालों में ज्यादा बढ़ी हैं। कभी ह्यगोरक्षकह्ल कानून-व्यवस्था को हाथ में लेते हैं और ह्यगोतस्करोंह्ल को ठिकाने लगा देते हैं तो कभी बच्चा चोरी के शक में अनजान व्यक्ति भीड़ का शिकार हो जाता है। कई बार ऐसी घटनाएं धर्म-विशेष के लोगों के साथ हुई हैं, जिन्हें ह्यजय श्रीरामह्ल का नारा लगाने को मजबूर करते हुए पीट-पीट कर मार दिया गया। कुछ घटनाओं को लेकर तो कहा जा सकता है कि इन्हें अंजाम देने वाले किसी न किसी रूप में प्रेरित होकर ऐसा करते होंगे, लेकिन राजधानी दिल्ली में जिस मदरसे के शिक्षक को हेडफोन पर विवाद के कारण मार डाला गया, वह ज्यादा गंभीर चिंता का विषय है। इस घटना को अंजाम देने वालों ने जरा भी नहीं सोचा कि कुछ रुपए की चीज के पीछे वे एक व्यक्ति को जिस तरह मौत के घाट उतार रहे हैं उसका हश्र क्या हो सकता है। इस घटना से हर आदमी के भीतर यह खौफ पैदा होना स्वाभाविक है कि रास्ते चलते न जाने क्या विवाद हो जाए और लोग पीट-पीट कर मार डालें! ऐसी घटनाओं के पीछे सबसे बड़ा कारण ही यही है कि लोगों में कानून-व्यवस्था का भय खत्म हो गया है। शायद वे जानते हैं कि पुलिस कुछ नहीं करेगी। इस घटना में भी पुलिस ने कुछ पटरी दुकानदारों के खिलाफ गैर-इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर लिया।

हैरानी की बात है कि भीड़ भरे बाजार में किसी ने उस शिक्षक को बचाने की कोशिश भी नहीं की। समाज में बढ़ती इस तरह की हिंसक प्रवृत्ति एक लोकतांत्रिक और सभ्य राष्ट्र के लिए शर्मनाक है। इस तरह की घटनाओं का ग्राफ जिस तेजी से बढ़ रहा है, उससे साफ है कि देश में कानून-व्यवस्था का कोई मतलब नहीं रह गया है। ऐसी घटनाएं पुलिस और समाज दोनों के लिए चुनौती बन गई हैं। ऐसे अपराधियों से निपटने के लिए कानून भी काफी हैं, लेकिन ठप तंत्र में सब बेअसर साबित हो रहे हैं।

# बच्चा चोरी की अफवाहों से यूपी में डर का माहौल, पुलिस अलर्ट



**उत्तर प्रदेश** पुलिस बच्चा चोरी करने की अफवाह फैलाने वालों को गिरफ्तार कर रही है. इस मामले पर यूपी के डीजीपी ओपी सिंह ने भी लोगों को सावधान रहने के लिए कहा है. सोशल मीडिया पर भी बच्चा चोरी की अफवाह फैलाई जा रही है. इसके बाद मॉब लिंचिंग की भी घटनाएं सामने आई थीं. मेरठ जोन में बच्चा चोरी के अबतक 4 मामले सामने आए हैं, इसमें 23 लोग गिरफ्तार हो चुकी है. वहीं गाजियाबाद में 2 मामलों में 4 गिरफ्तार, बुलंदशहर के 8 मामलों 6 गिरफ्तार, गौतमबुद्ध नगर में 2 मामलों में 1 गिरफ्तार, बागपत में 5 मामलों में 14 गिरफ्तार, हापुड़ के 1 मामला सामने आया है. इसके अलावा मुजफ्फरनगर के 3 मामलों 5 गिरफ्तारी हो चुकी है.

मेरठ जोन में अब तक 26 मामले बच्चा चोरी की अफवाह के पुलिस के सामने आ चुके हैं, जिनमें कुछ मामलों में भीड़ ने लोगों पर बच्चा चोरी के शक में हमला किया, 56 लोग गिरफ्तार हो चुके हैं, इस तरफ के मामले लगातार तकरीबन हर रोज पुलिस के पास आती जा रही हैं बच्चा चोरी की अफवाहों के चलते ग्रामीण इलाकों के प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों की संख्या घटने लगी है. एसपी ने अफवाह फैलाने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं.

सोशल मीडिया पर बच्चा चोरी की भ्रामक खबरें वायरल होने के बाद ग्रामीण इलाकों के प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों ने स्कूल आना कम कर दिया है. लखीमपुर खीरी जिले के पलिया थाना क्षेत्र के त्रिलोकपुर और पलिया कस्बे के कई स्कूलों में बच्चों की संख्या घटने लगी है. बच्चे चोरी होने की घटनाएं सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद गांव में लोगों ने पहरा देना और रात भर जागना शुरू कर दिया है. स्कूल में पढ़ाने वाली अध्यापकों का कहना है कि जब से बच्चे चोरी होने की घटनाएं और किडनी निकाले जाने की घटनाएं सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं तब से बच्चों और उनके अभिभावकों में डर बैठ गया है जिसके चलते बच्चों ने स्कूल जाना काफी कम कर दिया है.

## सीएम के दबाव में पेड़ काटने का निर्णय

**मुंबई :** राज्य सरकार और मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने आरे में मेट्रो कारशेड बनाने का निर्णय लिया है। इसके लिए 2 हजार 238 पेड़ों की बलि ली जाएगी। इस पर मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष मिलिंद देवड़ा ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने आरोप लगाया है कि मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के दवाब में बीएमसी कमिश्नर प्रवीण परदेशी ने आरे के पेड़ों पर कुल्हाड़ी चलाने का निर्णय लिया है। मिलिंद ने आरोप लगाते हुए कहा कि वृक्ष प्राधिकरण समिति के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री के दबाव में यह मंजूरी दी है। इससे पेड़ों को काटकर पर्यावरण बचाने का ढोंग सामने आ गई है। इसके खिलाफ हम बॉम्बे हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे।

## मोटर चोरी को लेकर हुआ था विवाद, नशा मुक्ति केंद्र में कर दी हत्या



**दिल्ली** सरकार के नशा मुक्ति केंद्र में बुधवार रात एक शख्स की हत्या कर दी गई. इस वारदात के बाद वहां हड़कंप मच गया. आरोपी घटना को अंजाम देने बाद मौके से फरार हो गया. पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है.


पुलिस के मुताबिक, दिल्ली सरकार के नशा मुक्ति केंद्र में उस वक्त हड़कंप मच गया जब शाहीन नाम के एक शख्स ने मनोज पर चाकू से कई वार किए. इससे मनोज की मौत हो गई. यह घटना नशा मुक्ति केंद्र के अंदर ही हुई थी.

पुलिस ने बताया कि शाहीन ने मनोज के पानी की मोटर चुरा ली थी. इसको लेकर दोनों में विवाद हो गया था. इसी बात को लेकर शाहीन ने मनोज की हत्या कर दी. वहीं, इलाके के लोग नशा मुक्ति केंद्र से बेहद खफा हैं. उनका कहना है कि इस नशा मुक्ति केंद्र की वजह से आसपास का माहौल खराब हो रहा है. यहां लोग नशा करते हैं और कोई उन्हें रोकने वाला नहीं है. इस घटना ने अब कई सवाल खड़े कर दिए हैं.

एक तरफ जहां पुलिस की जिम्मेदारी बनती है कि आसपास का माहौल ना बिगड़े वहीं, दूसरी तरफ दिल्ली सरकार के इस नशा मुक्ति केंद्र पर भी अब सवाल खड़े हो गए हैं.


# भारतीय सेवा महासंघ मुंबई (रजि.) (एन.जी.ओ.)

*न्याय धर्म की लड़ाई में हमेशा तत्पर रहनेवाला, कानूनी सलाह में सहयोग देनेवाला सामाजिक संस्था (एन.जी.ओ.) भारतीय सेवा महासंघ मुंबई चौबीसो घंटे आपके साथ है। ।*




**विशेष -** जिस किसी महिला, पुरुष नवयुवक, नवयुवती को सदस्य/पदाधिकारी बनना चाहते तो साथ में सदस्य शुल्क चार फोटो व स्थानीय/स्थायी पता, संपर्क नंबर लाना ना भूले ।

**भारतीय महासंघ मुं. का सदस्यता अभियान व पदाधिकारी की नियुक्ति के साथ ही सात परिचय पत्र 'आयकार्ड' (आलेख पत्र) देने का अभियान शुरु**

**विशेष जानकारी के लिए संपर्क - जय बजरंग बली, वेलफेअर एसोसिएशन गांधीनगर नं. 10, कुरार विलेज मालाड (पूर्व) 97 फोन नं. 022-29656280, 9821287905**

राष्ट्रीय अध्यक्ष- दीनानाथ तिवारी (वरिष्ठ पत्रकार), महाराष्ट्र अध्यक्ष-राजेश बाबू, राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष- मंजु तिवारी, मुंबई अध्यक्ष- डॉ. आर.एम. तिवारी, महिला मुंबई अध्यक्षा- पूजा पाण्डेय, महासचिव- विजय प्रकाश मिश्रा, राजेश यादव (पत्रकार), उपाध्यक्ष- कमलेश दुबे, उपेन्द्रमणि पाण्डेय, कोषाध्यक्ष- प्रमोद पाण्डेय, संगठन मंत्री- शेषधर दुबे, ठाणे जिला अध्यक्ष शिवशंकर शुक्ला (वरिष्ठ पत्रकार), थाना जिलाउपाध्यक्ष पप्पू खान वरिष्ठ नेता, रामजी शुक्ला, सैलराज मिश्रा, चंद्रसेन सिंह, खुशियाल शुक्ला, पवन गुप्ता, हीरालाल धिमर, मनोज चौधरी सहित समस्त पदाधिकारी एवं कई हजार सदस्य गण आपका हार्दिक स्वागत करते है।।


### संक्षिप्त समाचार

## बियर के लिए किया डिजिटल पेमेंट हो गया 87,000 रुपये का फ्रॉड

**मुंबई :** धोखेबाजों ने मुंबई की एक निवेश बैंकिंग एनालिस्ट को 87,000 रुपये का चूना लगाया है, जो यूनीफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) आधारित डिजिटल भुगतान प्लैटफार्म से तीन बीयर ऑनलाइन खरीद रही थी। खबरों के मुताबिक, राधिका पारे ने स्टार वाइन शॉप के लिए सूचीबद्ध एक कॉन्टैक्ट नंबर को फोन लगाया था। उन्होंने पवई में शराब की दुकान को गूगल पर सर्च किया था। स्टोर के कर्मचारी ने उनसे फोन पर कहा कि वे गूगल पे के माध्यम से 420 रुपये का भुगतान कर दें और उनसे उनका यूपीआई आईडी पूछा। जब पारेख ने अपना आईडी उन्हें बताया तो उन्हें गूगल पे पर भुगतान का अनुरोध मिला, जिसे स्वीकार करते ही 29,001 रुपये उनके खाते से कट गए। जब उन्होंने शराब की कथित दुकान को फोन किया तो कर्मचारी ने माफी मांगते हुए कहा कि भूल से ऐसा हुआ। जब उन्होंने कॉल रखा तो तब तक उनके खाते से 58,000 रुपये और कट चुके थे।पुलिस के मुताबिक, जब पारेख उस शराब की दुकान पर पहुंचीं तो वहां दुकान के मालिक ने उनसे कहा कि जिस नंबर पर उन्होंने कॉल की थी, वह उनका नहीं है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है। इससे पहले मई में, मुंबई के साकीनाका निवासी अनिल पदम सिंह (23) ने डिजिटल वॉलिट खाते से 1 लाख रुपये गंवा दिए थे, जब उन्होंने नए मोबाइल फोन के ईएमआई के लिए एक वित्तीय कंपनी को फोन किया था।

## राकांपा नगरसेवक जगदाले ने दिया गटनेता पद से इस्तीफा

**ठाणे :** ठाणे मनपा में लोकशाही युति के गटनेता हणमंत जगदाले ने गुरुवार को इस्तीफा दे दिया। जगदाले ने अपनी ही पार्टी राकांपा के पदाधिकारियों पर असहयोग का रवैया अपनाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि राकांपा मनपा में विरोधी पक्ष की भूमिका न निभाते हुए पार्टी की बैठक में हुए फैसलों को बदलने का काम कर रही है। इस्तीफे के बाद अब उनके शिवसेना या भाजपा में जाने की अटकलें तेज हो गई हैं। बता दें कि जगदाले राकांपा में आने से पहले शिवसेना में थे। चर्चा है कि वह घर वापसी कर सकते हैं। जगदाले ने बिना नाम लिए विधायक जितेंद्र आव्हाड को कटघरे में खड़ा कर दिया है।

## भाजपा ने शुरू किए उम्मीदवारों के इंटरव्यू

**उल्हासनगर:** जैसे-जैसे चुनाव का समय नजदीक आ रहा है। भाजपा ने हर सीट पर अपने उम्मीदवार उतारने की तैयारी शुरू कर दी है। इसी चुनावी प्रक्रिया के तहत गुरुवार को उल्हासनगर, कल्याण, डोंबिवली सीटों के लिए कैंडिडेट्स का इंटरव्यू किया गया। इस दौरान, उल्हासनगर में टिकट के लिए 7 उम्मीदवार सामने आए, जिनमें भाजपा के पूर्व विधायक कुमार एलानी महापौर पंचम कॉलोनी और पप्पू कालानी के बेटे ओमी कालोनी जीवन इदनानी, महेश सुखरामणि और शेरी लुंड प्रदीप रामचंदानी ने दावा पेश किया। वहीं, कल्याण-डोंबिवली के 4 विधानसभा क्षेत्रों के लिए 22 नेताओं ने टिकट की मांग की है, जिनमें वर्तमान भाजपा विधायक रविंद्र चौहान नरेंद्र पवार और निर्दलीय गणपत शामिल हैं। शिवसेना की एक नगरसेविका के पति ने भी भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ने की इच्छा जताई।

## दिल्ली में लहराया ठाणे मनपा का परचम, मिले ४ राष्ट्रीय पुरस्कार

**ठाणे :** प्रदूषण तथा मौसम की मॉनिटरिंग ऐप, डीजी ठाणे, प्रॉपर्टी टैक्स असेसमेंट मॉडल तथा ग्रीन ठाणे नामक मनपा की चारों महत्वाकांक्षी परियाजनाओं को 'स्काच' नामक संस्था की तरफ से 'ऑर्डर ऑफ मेरिट' पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। दिल्ली में आयोजित एक विशेष समारोह में यह राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया गया है।

उल्लेखनीय है कि नई दिल्ली के रफी मार्ग स्थित कॉन्स्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में स्काच ग्रुप द्वारा आयोजित स्काच पुरस्कार प्रतियोगिता में देश के सभी राज्यों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। स्काच ऑर्डर ऑफ मेरिट पुरस्कारों की प्रक्रिया बेहद जटिल होती है। परियोजनाओं के मूल्यांकन तथा उसके प्रस्तुतिकरण के आधार पर परियोजनाओं को जूरी के पास भेजा जाता है। इस प्रतियोगिता में ठाणे मनपा के संपत्ति कर विभाग का 'प्रॉपर्टी टैक्स असेसमेंट मॉडल', प्रदूषण विभाग का मौसम तथा हवा की गुणवत्ता की जानकारी देनेवाला 'मोबाइल ऐप एवं वेबसाइट', उद्यान विभाग 'ग्रीन ठाणे' तथा स्मार्ट सिटी विभाग का 'डीजी ठाणे' जैसी चारों परियोजनाओं को चार पुरस्कार मिले हैं। इस शिखर बैठक में प्रत्यक्ष, प्रदर्शन तथा तनिक पर एक परिसंवाद का आयोजन किया गया था, जिसमें मौजूद मनपा उपायुक्त ओमप्रकाश दिवटे के साथ उप कर निर्धारक व संकलक जीजी गोदेपुरे, उद्यान विभाग के वरिष्ठ उद्यान निरीक्षक केदार पाटील, प्रदूषण नियंत्रण विभाग की विद्या सावंत तथा स्मार्ट सिटी विभाग के अंकुर श्रीवास्तव को स्काच ऑर्डर ऑफ मेरिट पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## चार गाड़ियां आपस में टकराईं, 3 विद्यार्थी जख्मी

**ठाणे:** शहर में एक घटनाक्रम में चार गाड़ियां आपस में टकरा गईं। पहले तेज गति से आ रहे आयशर टेंपो ने स्कूल बस को ठोकर मार दी। बाद में बस की दो कारों से भिड़ंत हो गई। गाड़ियों की गति धीमी होने से बड़ी घटना टल गई। घटना में स्कूल बस में सवार तीन विद्यार्थी मामूली जख्मी हुए हैं। पुलिस ने घटना के लिए जिम्मेदार टेंपो चालक को गिरफ्तार किया है। यातायात पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, घोडबंदर रोड के ब्रह्मांड सिग्नल के करीब से सुबह यूनिवर्सल स्कूल के बच्चों को लेकर स्कूल बस जा रही थी। उसी समय सेंट जेवियर स्कूल सिग्नल के पास तेज गति से आ रहे सब्जी के टेंपो ने बस को टक्कर मार दी। टेंपो की टक्कर लगते ही बस आगे जा रही सेंट्रो से जा टकराई और बस के पीछे से आ रही इवान कार बस के पिछले हिस्से से टकरा गई। बस को जोरदार झटका लगा और उसमें खड़े कुछ बच्चे आगे की तरफ जा गिरे। बस का अगला शीशा पूरी तरह चकनाचूर हो गया और पिछले हिस्से को भी नुकसान हुआ है।

## मुंबई में गणेशोत्सव के दौरान हो सकती है बारिश

**मुंबई :** मुंबई में गणेशोत्सव की तैयारी को लेकर काफी धूम है। इस बीच मौसम विभाग ने गणेशोत्सव के दौरान इस साल बारिश की आशंका जताई है। मौसम विभाग के अनुसार, शनिवार से तीन सितंबर तक मुंबई और आसपास के इलाकों में बारिश को सकती है। विभाग के मुताबिक, बारिश भारी तो नहीं होगी, लेकिन रुक-रुक करे जारी रह सकती है। मौसम विभाग से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में बने एक कम दबाव के क्षेत्र के कारण महाराष्ट्र के कुछ इलाकों में शुक्रवार को बारिश हुई। इस दौरान कहीं-कहीं भारी बारिश रही। इसी का असर मुंबई और ठाणे इलाकों में भी आने वाले दिनों में बारिश के रूप में दिख सकती है।


## आवश्यकता है

मुंबई, ठाणे, कल्याण, नवी मुंबई, पालघर, इलाहाबाद, वाराणसी, भदोही, जौनपुर, प्रतापगढ, आजमगढ़, लखनऊ इत्यादि जिलों से अंशकालिक संवाददाताओं की आवश्यकता है। संपर्क करें :

संपर्क : मो. ९८२१२८७९०५, ९३२२२४८३५३-९१६७००९६२९

Email : metrodinank@gmail.com

## Advertisment Rates

Rs. 1000/- 1 Month (Five lines)
Rs. 3000/- 2 Month+1 Month (Five lines)
Rs. 3000/- 3 Month+2 Month (Five lines)

| Size | B/W (Rs.) | 4 Col. (Rs.) |
|---|---|---|
| Full Page | 30,000 | 50,000 |
| Half Page | 16,000 | 30,000 |
| Quarter Page | 8,000 | 16,000 |
| V card size | 4,000 | 9,000 |

**MEMBERSHIP**

5 Year - 1000 Life time - 3000

Note : Please Issue Cheque, Cash & DD in the name of "Metro Dinank"



**प्रकाशक, मुद्रक- श्रीमती मंजू दीनानाथ तिवारी द्वारा स्वामी एवं संपादक- दीनानाथ एम.तिवारी, द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस 7, उद्योग भवन, शर्मा इंडस्ट्रियल इस्टेट, बालभट्ट रोड गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 63 मुद्रित तथा जय बजरंगबली चाल कमेटी, गांधी नगर, कुरार विलेज मालाड (पूर्व), मुंबई- 97 से प्रकाशित। संपादक -** दीनानाथ एम. तिवारी, **कार्यकारी संपादक-** कर्ण हिन्दुस्तानी, **उपसंपादक-** शिवशंकर तिवारी, संतोष तिवारी, राजेश पाल **संरक्षक-** वसंत सेठिया, शैलेश देसाई, दयाराम पाल, राजेंद्र आर. पाल, जया पेंगल, राजकुमार यादव, सुशील पाण्डेय (सी.ए.) - **चीफ एड डिपार्टमेन्ट-** निलेश पांडे **वितरक-**सुचित कुमार (मंत्रालय, पुलिस, मनपा, रेलवे, ओल्ड कस्टम हाऊस)

**उत्तर प्रदेश ब्यूरो चीफ :** बी. के. मिश्रा / सी. एस. तिवारी
**कानून सलाहकार-** डी.के. पाण्डेय, एड. किशोर डेढिया, जे.पी. शर्मा, एस.के. दुबे, के.के. शुक्ला, **संपर्क : टेलीफैक्स** 022-29656280,
मो. 9821287905, 9322248353-9167009629
Email : metrodinank@gmail.com
Post Regd.NoMH/MR/NW~-143/2009
नोटिस, नामपरिवर्तन, गजट, व्यवसायिक विज्ञापन आदि छपवाने के लिए संपर्क करें

# दिवा को बिजली नहीं मिली, तो मुश्किल होगी



**कर्ण हिंदुस्तानी**

**ठाणे:** दिवा परिसर में बार-बार बिजली खंडित होने को लेकर माहौल गरम हो गया है। गणेशोत्सव के दौरान यदि इसी तरह बिजली खंडित होती रही, तो स्थिति बिगड़ सकती है। वहां कानून व्यवस्था का प्रश्न खड़ा हो सकता है। मुंब्रा पुलिस ने महावितरण को भेजे एक पत्र में यह चेतावनी दी है।

वरिष्ठ निरीक्षक मधुकर कड की तरफ से भेजे गए पत्र में कहा गया है कि पिछले कुछ अर्से से दिवा में जिस तरह बिजली की आंख मिचौली हो रही है, उससे वहां के लोगों में महावितरण के प्रति असंतोष का वातावरण बन गया है। इस दौरान गणेश मंडलों में बड़े पैमाने पर बिजली इस्तेमाल होती है। ऐसे में यदि यहां बिजली खंडित होती रही, तो स्थिति बिगड़ सकती है और हंगामा हो सकता है। शिल-डायघर स्थित महावितरण के कार्यकारी अभियंता को दिए पत्र में वरिष्ठ निरीक्षक ने दिवा में बिजली आपूर्ति को नियमित रखने की मांग की है। साथ ही परिसर में गणेशोत्सव के 10 दिन के लिए बिजली आपूर्ति सामान्य रखने के लिए दो अतिरिक्त ट्रांसफार्मर आरक्षित रखने को कहा है। समाजसेवी आदेश भगत ने बताया गया है कि पिछले दो-तीन माह से दिवा में 24 से 36 घंटे बिजली खंडित रहती है। मोबाइल चार्ज करने जितनी बिजली भी नहीं रहती है। रात के वक़्त बिजली गुल होने से लोगों को अधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। 14 अगस्त की देर रात तो लोग रास्ते पर उतर गए थे और जमकर हंगामा किया था। घटना के चलते स्थानीय परिसर में संघर्ष की स्थिति बन गई थी। लोगो को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को बड़ी मशक्कत करनी पड़ी थी।

# ट्रैफिक समस्या पर एमपीए का प्लान

## 5 सड़कों पर पार्किंग के लिए देनी होगी फीस, 5 पर 'नो पार्किंग'

**मंजु तिवारी**

**मुंबई :** मुंबई में ट्रैफिक की बढ़ती समस्या को देखते हुए एमपीए (मुंबई पार्किंग अथॉरिटी) ने बड़ा कदम उठाया है। इसके तहत 5 व्यस्त मार्गों पर पार्किंग को पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया है। वहीं 5 मार्गों पर पार्किंग के लिए फीस लगा दी गई है। नो पार्किंग जोन में गाड़ी खड़ी करने पर जुमार्ने का ऐलान भी एमपीए की ओर किया गया है। इसके तहत अवैध पार्किंग करने पर 10 हजार रुपये तक जुमार्ना देना पड़ सकता है।



'पे ऐंड पार्क' स्कीम के तहत महीने के हिसाब से शुल्क तय किए गए हैं। सुबह 8 बजे से लेकर रात 8 बजे तक पार्किंग के लिए जहां 1 हजार 540 रुपये देने होंगे, वहीं रात 8 बजे से लेकर सुबह 8 बजे तक की पार्किंग के लिए 770 रुपये वसूले जाएंगे। एमपीए की ओर से पे ऐंड पार्क के लिए निर्धारित मार्गों में चर्चगेट स्टेशन से ओपेरा हाउस जाने वाले एमके रोड, जुहु एयरपोर्ट से ओशिवारा रिवर तक जाने वाले एसवी रोड, डीएन नगर मेट्रो स्टेशन से ओशिवारा रिवर जाने वाले न्यू लिंक रोड, कल्पतरु से निर्मल लाइफस्टाइल जाने वाले एलबीएस रोड और पोतुर्गीज चर्च से लेडी जमशेदजी रोड जंक्शन जाने वाले गोखले रोड को शामिल किया गया है।

**5 सड़कों पर 'नो पार्किंग'**

इसके अलावा मुंबई पार्किंग अथॉरिटी (एमपीए) के निर्देश के तहत 30 अगस्त से मुंबई की पार्किंग के लिए प्रतिबंधित पांच सड़कों पर अवैध पार्किंग करने पर जुमार्ने का ऐलान किया गया है। इसके अनुसार अवैध पार्किंग करने पर 10 हजार रुपये तक का जुर्माना भरना पड़ सकता है। एमपीएस के मुताबिक, नो पार्किंग जोन में गाड़ी खड़ी करने पर कार वालों को 10 हजार रुपये और बाइक वालों को 5 हजार रुपये का जुमार्ना देना पड़ेगा। बता दें कि अवैध पार्किंग की समस्या को कम करने के लिए बीएमसी ने पहले ही ऐसा करने वालों पर भारी जुमार्ना लगाने का फैसला लिया था। हाल ही में बीएमसी ने लग्जरी बसों का पंजीकरण तक निरस्त करने का आदेश संबंधित विभाग को दिया है। इसी कड़ी में अब प्रशासन ने पांच व्यस्त सड़कों को पूरी तरह नो ह्यपार्किंग जोन' घोषित किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, बीएमसी ने महानगर के 30 सड़कों को नो पार्किंग जोन बनाने के लिए यातायात विभाग के पास एक प्रस्ताव भेजा था। इस पर विस्तृत अध्ययन करने के बाद प्रशासन ने 12 पांच सड़कों को नो पार्किंग जोन घोषित कर दिया है, इनकी लंबाई 12 किलोमीटर तक है। जिन सड़कों पर पार्किंग बंद किया जा रहा है, उसमें चर्च गेट से ओपेरा हाउस जाने वाले तकरीबन 3 किलोमीटर का महर्षि कर्वे रोड, कल्पतरू से निर्मल लाइफस्टाइल जाने वाली रोड, 6 किलो मीटर लंबी जुहू से ओशिवारा नदी रोड, डीएन नगर मेट्रो स्टेशन से ओशिवारा नदी रोड इत्यादि शामिल हैं। यहां पार्किंग करने पर 10 हजार तक जुमार्ना लग सकता है।

# वीवीएमसी ने 5 साल में पानी पर खर्च किए 821 करोड़ रुपये, फिर भी प्यास अधूरी

**मुंबई :** मुंबई स्थित वसई-विरार मनपा के प्यास बुझाने के सारे दावों पर पानी फिर गया है। पानी के लिए वसई-विरार की दीवारों पर लिखे गए स्लोगन चुनावी वादों जैसे ही कोरे साबित हो रहे हैं। फिलहाल, लगभग तीस लाख जनसंख्या वाली वसई-विरार की आधी आबादी टैंकरों का दूषित पानी पीने को मजबूर है, जबकि मनपा के बजट से जलापूर्ति के नाम पर पांच साल में 821 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। बता दें कि मनपा के पास खुद के उसगांव, पेल्हार व पापड खिंड बांध हैं। पालघर में ही सूर्या बांध है। इस बांध से मीरा-भाईंदर को जलापूर्ति की जा रही है। पर, विभागों की उदासीनता की वजह से वसईकरों को इस बांध से जरूरत के मुताबिक पानी नहीं मिल रहा है। लोगों का कहना है कि मनपा के पास 260 एमएलडी पानी होने के बाद भी उन्हें टैंकरों का दूषित पानी पीना पड़ता है। वहीं, मनपा का कहना है कि वसई-विरार क्षेत्र में पर्याप्त बिजली नहीं मिल पाने के कारण सुचारू रूप से जलापूर्ति नहीं हो पा रही है। उधर, बिजली विभाग को मनपा ने 5 साल में 102 करोड़ रुपये बिल भुगतान किया है। सवाल उठता है कि यदि पर्याप्त बिजली मनपा को नहीं मिल रही है, तो बिल का भुगतान क्यों किया गया? जानकारी के अनुसार, वसई-विरार मनपा को सूर्या बांध से 230 एमएलडी, उसगांव बांध 20 एमएलडी व पेल्हार बांध से 10 एमएलडी कुल मिलाकर 260 एमएलडी पानी मिलता है। वसई-विरार मनपा क्षेत्र में लगभग 30 लाख आबादी है। इसमें 8 लाख लोगों को ही मुश्किल से पानी मिलता है। बाकी को टैंकर या मिनरल वॉटर से प्यास बुझानी पड़ती है। वसई-विरार में रोजाना लगभग 3 हजार टैंकर लोगों तक पानी पहुंचाते हैं।




**जलापूर्ति पर 821 करोड़ रुपये खर्च**

मनपा ने पिछले 5 साल में शहर की जनता के लिए जलापूर्ति पर 821 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। यह जानकारी शिवसेना नेता व पूर्व नगरसेवक राज कुमार चोरघे ने मनपा के 2019-20 के बजट से निकाली है। चोरघे ने कहा कि बजट में मनपा ने 821 करोड़ रुपये जलापूर्ति पर खर्च करने का दावा किया है। लोगों ने आरोप लगाया कि अगर वसई-विरार में 260 एमएलडी पानी आता है, तो आधी से कम जनता को ही पानी क्यों मिलता है? वहीं, लोगों का यह भी कहना है कि पानी पर राजनीति होती है। गरीबों को इसलिए पानी नहीं दिया जा रहा है, क्योंकि टैंकर लॉबी सत्तापक्ष के नगरसेवकों व बिल्डरों की है। मनपा क्षेत्र के विरार (पूर्व) चंदनसार, कारगिल नगर, भाट पाडा, सहकार नगर, फूलपाडा, गांधी चौक, नालासोपारा (पूर्व) के मोरेगांव, नागिनदास पाडा, ओम नगर, प्रगति नगर, रहमत नगर, विजय नगर, दत्त नगर, पांच अम्बा, गाला नगर, शिर्डी नगर, संतोष भवन, गौराईपाडा, वलईपाडा, बिलाल पाडा, पांडे नगर, श्रीराम नगर, धानिवबाग, वाकनपाडा, नवजीवन, गांगडीपाडा, शांति नगर, रिचर्ड कंपाउंड, वसई फाटा, वसई (पूर्व) वालीव, गोलानी, खैरपाडा, फणसपाडा, सातीवली, धुमाल नगर, भोयदापाडा, नायगांव (पूर्व) जुचंद्र, वाकीपाडा, चन्द्रपाडा, रश्मि कॉम्प्लेक्स, म्हात्रेवाडी, नालासोपारा (पश्चिम) के हनुमान नगर, टाकीपाडा आदि क्षेत्रों में आज भी जनता टैंकरों व मिलरल वॉटर पर दिन काट रही है।

**CHANGE OF NAME**

**Old Name with Registration No. :**

**Nazma Kalbe Hussain Sayyed** (M-178282)

**New Name and Address:**
**Sayyed Nazma Fatima**
Room 64, Plot-17, New Collector Compound, Near Gupta Medical, Gate-7, Malwani, Malad (W), Mumbai-400 095.

## वंचितों का विकास...

भारतरत्न **डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर** के इंदुमिल स्थित स्मारक पर कार्य प्रगति पर है । डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर का लंदन स्थित घर स्मारक में तब्दील । दीक्षाभूमि और चैत्यभूमि को **'ए'** श्रेणी के तीर्थ स्थल और **पर्यटन स्थल** का दर्जा ।
**छात्रों के लिए कुल 439 छात्रावास :** प्रवेश क्षमता – **43** हजार **553** । **डॉ. पंजाबराव देशमुख छात्रावास भत्ता योजना** से **41** हजार **215** छात्र लाभान्वित । अनुसूचित जाति की लड़कियों के लिए **50** नए छात्रावास । **मुंबई, पुणे, नागपुर** में अनुसूचित जाति की महिलाओं के लिए छात्रावास । अनुसूचित जाति, नवबौद्ध घटकों की **40** बस्तियों के लिए **58.55** करोड़ ।
**डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर** समता प्रतिष्ठान की स्थापना । लगभग **31** संस्था को **215** करोड़ की निधि । (संत रोहिदास भवन, परेल, ड्रैगन पैलेस, दीक्षाभूमि, चिंचोली में स्मारक, डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर कन्वेंशन सेंटर, आदि संस्थाएं) । **डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर स्वाधार योजना :** छात्रावास में प्रवेश नहीं मिलने वाले छात्रों के लिए भोजन, सीधे बैंक खाते में आवास के लिए खर्च **(2016-17** से योजना**)** । **35** हजार **336** छात्रों के प्रत्यक्ष खाते के लिए **117.72** करोड़ । **विदेश में अध्ययन के लिए छात्रवृत्ति :** पांच साल में **354** छात्रों को लाभ । पोस्ट मैट्रिक **छात्रवृत्ति** योजना आय सीमा **2** से **2.5** लाख तक। अनुसूचित जाति के **13** हजार **139** छात्रों को कौशल प्रशिक्षण । **5246** लोगों को रोजगार । **डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर** उद्यमिता योजना से अनुसूचित जाति/जनजाति के लिए **23** एमआईडीसी में **106** भूखंड प्रदान किए ।

### आदिवासी विकास

- पेसा ग्राम पंचायतों को सीधे निधि देने वाला एकमात्र राज्य।
- 5979 गांवों में 2880 ग्राम पंचायतों को 877.43 करोड़।
- 42 हजार 404 कार्य पूर्ण।
- नामांकित स्कूलों में 44 हजार 601 आदिवासी छात्रों का दाखिला लिया।
- मिशन शौर्य के तहत 14 छात्रों का एवरेस्ट अभियान।
- राज्य में पहली बार वंचित जातियों, घुमंतू जातियों, अन्य पिछड़े वर्गों, विशेष पिछड़े वर्गों के लिए बना कल्याण विभाग।
- महाराष्ट्र राज्य के अन्य पिछड़ा वर्ग वित्त और विकास निगम के माध्यम से 35 हजार 099 लाभार्थियों को 196 करोड़ रुपये का ऋण।
- वसंतराव नाइक विमुक्त जाति और घुमंतू आदिवासी विकास निगम के माध्यम से 84 हजार 693 लाभार्थियों को 222.72 करोड़ का ऋण।
- धनगर समुदाय के विकास के लिए 1000 करोड़ रुपये का फंड़। 22 योजनाओं को किया जाएगा लागू।
- विमुक्त जातियों, घुमंतू जनजातियों, अन्य पिछड़ा वर्ग और विशेष पिछड़ा वर्ग विभागों के लिए 3 हजार 861 करोड़ रुपये का प्रावधान।
- एपीजे अब्दुल कलाम 'अमृत आहार' योजना के लिए 140 करोड़ रुपये का प्रावधान। हर महीने 1 लाख 52 हजार महिलाओं को चौरस आहार। 8 लाख 37 हजार बच्चों को आहार का लाभ।
- आदिवासी विकास विभाग के योजना के लिए 10 हजार 705 करोड़ रुपये का प्रावधान।

## सर्वोत्तम उपलब्धि
## महाराष्ट्र का सम्मान



**छात्रावास में शिक्षा का समर्थन**



छात्रावास में रहते हुए, मैं बारहवीं में पढ़ रही हूं। छात्रावास में अच्छी सुविधाएं दी जा रही हैं। नाश्ता, दोपहर का भोजन और साथ ही एक अध्ययन कक्ष है। नियमित रूप से मासिक भत्ता मिलता है। छात्रावास में विभिन्न गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जाता है। यही कारण है कि पिछले साल, भाषण प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर मुझे पहला स्थान मिला था।

**– प्रज्ञा पांडुरंग कांबले,**
चिमणे ता. आजरा, जि. कोल्हापुर

**शिक्षा के लिए सहारा**



परिवार की आर्थिक स्थिति चिंताजनक है। इस वजह से, कॉलेज की शिक्षा के लिए शहर में आवास और भोजन का खर्च बस के बाहर था । भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर स्वधार योजना के तहत आवेदन प्रस्तुत किया। उससे मुझे 42 हजार रुपये मिले। इस वजह से शिक्षा के लिए सहारा मिला।

**– रतिशकुमार निकालजे,**
हतेडी, जि. बुलडाणा

**बच्चों के लिए अमृत**



आदिवासी दूरस्थ क्षेत्रों में बच्चों और माताओं के स्वास्थ्य में सुधार के लिए अमृत आहार योजना एक वरदान है। जैसा कि हम माताओं को स्वस्थ आहार मिलने से बच्चों के स्वास्थ्य पर भी अच्छा परिणाम हो रहा है। बाल रोग के प्रमाण में गिरावट आई है।

**– वनिता वलवी,**
देवलीपाडा, जि. नंदुरबार

श्री. नरेंद्र मोदी
मा. प्रधानमंत्री

श्री. देवेंद्र फडणवीस
मा. मुख्यमंत्री

माहिती व जनसंपर्क महासंचालनालय, महाराष्ट्र शासन




कांदिवली विधानसभा वार्ड क्र.२७ लोखंडवाला में वीर अब्दुल हमीद उद्यान का सुशोभीकरण स्थानिक नगरसेविका सौ. सुरेखा मनोज पाटील के प्रयत्न से उद्यान विभाग के निधी से किया गया। इस उद्यान का उद्घाटन मा.आमदार अतुल भातखळकर के हाथों किया गया। इस अवसर प रश्मी भातखळकर उद्यान अधिकारी, केशव सृष्टी के अध्यक्ष, पदाधिकारी, रहिवाशी व विद्यार्थियों की उपस्थिती में संपन्न हुआ।



प्रायमरी विद्यालय अमोरा, प्रयागराज, उ.प्र. में विद्यार्थियों को मुफ्त ड्रेस वितरित करते हुए पूर्व विधायक कलेक्टर पांडेय, मुख्य अध्यापिका संगीता शुक्ला, अध्यापक प्रविण दुबे, अध्यापक बी. के. मिश्रा, शिक्षक संघ के अध्यक्ष मनीष तिवारी, समाजसेवक राम बाबु मिश्रा, आदि दिखाई दे रहे हैं।



संजय नगर से पाल नगर तक रस्ते की दुरूस्ती को लेकर नगरसेवक, प्रभाग समिति के अध्यक्ष श्री विनोद मिश्रा जी के मार्गदर्शन में आज महानगरपालिका के अधिकारीयों के साथ संयुक्त निरीक्षण किया और रस्ते का काम जल्द से जल्द करने का निर्देश दिया। इस निरिक्षण मे नगरसेविका, श्रीमती धनश्री भरडकर, संतोष यादव व स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

# महिला काँग्रेस ने शुरु की स्तन कैंसर के खिलाफ मुहिम

**मुंबई।** मुंबई महिला काँग्रेस ने गुरुवार को स्तन कैंसर के खिलाफ मुहिम का आगाज किया। इस मौक पर मुंबई काँग्रेस के अध्यक्ष मिलिंद देवड़ा ने कहा कि मुंबई समेत देश भर में खासकर गरीब और झोपडपट्टी में रहने वाली महिलाओं के बीच स्तन कैंसर के बारे में जागरूकता निर्माण करना समय की जरूरत है, क्योंकि महिलाओं में यह रोग तेजी से पसर रहा है।

मुहिम की शुरुआत करने के लिए दिल्ली से आईं प्रमुख अतिथि अखिल भारतीय महिला काँग्रेस की अध्यक्ष सुश्मिता देव काँग्रेस पार्टी सिर्फ चुनाव में वोट पाने के लि नहीं बल्कि जनता को त्रस्त करने वाली समस्याओं से लड़ने उनका निराकरण करने का काम करती है। कार्यक्रम में पूर्व सांसद भालचंद्र मुणगेकर, एआईसीसी सचिव सोनल पटेल, महिला काँग्रेस की जनरल सेक्रेटरी शमीना शफिक, मुंबई के वरिष्ठ नेता कृपाशंकर सिंह, मुंबई काँग्रेस के उपाध्यक्ष चरण सिंह सप्रा, मुंबई महिला काँग्रेस की अध्यक्ष और कार्यक्रम की आयोजक डॉ. अजंता यादव आदि प्रमुख नेता उपस्थित थे।







# ओवला माजीवाडा विधानसभा क्षेत्र से मदन सिंह होंगे उम्मीदवार!

**मेट्रो दिनांक संवाददाता**

**भायंदर।** मीरा-भायंदर में उत्तर भारतीयों के निर्णायक स्थिति को देखते हुए पिछले ३०वर्ष से सामाजिक क्षेत्र और ४ बार से लगातार पार्षद निर्वाचित हो रहे मदन उदितनारायण सिंह मीरा-भायंदर की १४५ या १४६ ओवला माजीवाडा विधानसभा क्षेत्र से चुनावी समर में उतर सकते हैं। बेहद सरल मदन सिंह मीरा भायंदर मनपा के सभापति और सभागृह नेता रह चुके हैं मीरा-भायंदर विधानसभा में लगभग २ लाख उत्तर भातीय



मतदाता हैं, जिसे लक्षित कर चुनावी समर में मदन सिंह का उतरना कई मायनों में अहम है। ओवला माजीवाडा विधानसभा क्षेत्र के भाईंदर के भाग में भी उत्तर भारतीय मतदाता निर्णायक भूमिका में हैं। मदन सिंह पेशे से ऑटो मोबाईल सर्वेयर के साथ कर्मठ राजनेता के रुप में अपने आप को स्थापित किया है। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से मदन सिंह के काफी पुराने रिश्ते हैं।

मदन सिंह को स्थानीय भाजा के कई नेताओं का मूक समर्थन प्राप्त है। महाराष्ट्र प्रदेश के कई बड़े राजनेताओं समेत उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री को महाराष्ट्र प्रभारी बनाये जाने पर मदन सिंह की उम्मीदवारी की संभावना प्रबल हो गयी है।

# भक्ति के रंग में डूबा गोकुलधाम





**मेट्रो दिनांक संवाददाता**

**मुंबई :** भादव बदी अमावस्या पर गोकुलधाम के कृष्ण वाटिका में माँ जगदंबा का पूर्ण कार्यक्रम बहुत सफल रहा। माता रानी का भव्य और सुंदर श्रृंगार हुआ जो कोलकाता के मशहूर कारीगरों द्वारा किया गया।

29 अगस्त सायं 6 बजे माँ की मंगलमयी ज्योत प्रज्वलित कर डाक्टर अनील काशी प्रसादजी मुरारका परिवार ने कार्यक्रम की शुरूआत की । कोलकाता के गायकों द्वारा बहुत सुन्दर भजनों का सभी भक्तों ने आनंद लिया ।

30 अगस्त प्रातः 5.30 बजे मंगला आरती और उसके पश्चात पूजन चालू हुआ । दो. 2 बजे से मंगल पाठ चालू हुआ और हजारों महिलाओं ने माता की मंगलमयी चूनडी पहन कर सस्वर मंगल पाठ किया , यजमान रामजीवनजी गोयल परिवार था

श्रीमती राजेश्वरी मोदी (राज दीदी) ने भी मंगल पाठ में हिस्सा लिया ।चिडावा, नवलगढ़, सीकर से मिठाई, किसमिस, केसरिया दूध, मेवा, फल, पान की ढेर सारी सवामणी लगायी गयी और माँ जगदंबा का खूब छप्पन भोग प्रसाद का वितरण हुआ ।

श्री अशोक जालान, श्याम सुंदर पंसारी, विनीत पाटोदिया, प्रदिप पंसारी, परमेश्वर तुलस्यान, आर.के.अग्रवाल, अनिल टिबडेवाल, सुशील पोद्दार, रवी खेतान, दीनबंधु जालान, अनिल रायका, अरुण-प्रमोद सांगानेरिया, अनिल जसरापुरिया, डॉ पवन बेरिया, श्रीराम शर्मा, जगदीश प्रसाद लिल्हा, शंबू गुप्ता, अनिल कैंया, कृष्णकुमार झुनझुनवाला, प्रदिप गोयल, रमेशचन्द्र मोदी..... के साथ पूर्ण गोकुलधाम का सहयोग रहा। पूर्ण जानकारी दादी भक्त राजेन्द्र कुमार तुलस्यान ने दी। जय दादी की के जयकारे से पूरा गोकुलधाम मंत्र विभोर हुआ।







मुद्रक, प्रकाशक - मंजू दीनानाथ तिवारी, स्वामी एवं संपादक- दीनानाथ एम. तिवारी द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस गाला नं.3-4, अमीन इंडस्ट्रीयल इस्टेट, सोनावाला क्रॉस रोड नं.2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 63 से मुद्रित तथा जय बजरंगबली चाल कमेटी, गांधी नगर, कुरार विलेज, मालाड (पूर्व), मुंबई-97 से प्रकाशित। संपादक- दीनानाथ एम. तिवारी Mob. : 9004162915 / 70391 43986
RNI.No.:MAHHIN/2009/35355 संपर्क : टेलीफैक्स 022-29656280, मो. 9821287905, 9322248353-9167009629 Email : metrodinank@gmail.com